**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Request to take action against those who are not following the National Sports Code.

**श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर)**: माननीय अध्यक्ष महोदय, नैशनल राइफल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया नैशनल लेवल पर एक एपेक्स बॉडी है । अभी हाल में इसका चुनाव हुआ है और जितनी भी स्पोर्ट्स फेडरेशंस हैं, उनका चार साल में एक बार चुनाव होता है और उसके अध्यक्ष, सेक्रेट्री जनरल, ट्रेजरर व अन्य पदाधिकारी चार साल के लिए चुने जाते हैं । सभी फेडरेशंस के लिए नेशनल स्पोर्ट्स कोड लागू है । स्पोर्ट्स कोड के हिसाब से अध्यक्ष पर कोई भी केवल तीन टर्म्स तक रह सकता है । यह स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री के रेकॉर्ड से भी साबित होता है, उन्होंने जैसा लिखकर दिया है । लेकिन अभी चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए लड़ने वाला व्यक्ति चौथे टर्म के लिए लड़ा । मैं खेल मंत्रालय को लिखता रह गया, उनसे मिला भी और कहता भी रह गया, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । यह कहा गया कि जब एक बार चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, तो चुनाव के बाद ही हम कुछ कर सकते हैं । चुनाव भी हो गया और उसके बाद भी कुछ नहीं किया जा रहा है । यही नहीं, इसके जो भी पदाधिकारी हैं- सेक्रेट्री जनरल, संयुक्त सचिव और दर्जनों पदाधिकारी हैं, वे लद्दाख, अरुणाचल, त्रिपुरा, दमन-दीव से फर्जी एसोसिएशन बनाकर ऑफिस बियरर हो गए हैं और खेल विभाग को वहाँ के एडमिनिस्ट्रेटर ने सीधे लिखा है । मैंने इस बात को भी खेल विभाग को फिर लिखा।

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी मांग क्या है?

**श्री श्याम सिंह यादव** : लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई । महोदय, मैं बताना चाहता हूँ कि ऐसा क्यों हो रहा है?

**माननीय अध्यक्ष** : आप इतना मत बताओ, आप डिटेल में मत बताओ।

**श्री श्याम सिंह यादव :** पंजाब प्रदेश का एक राजघराना है, ...* राजघराना । एक पूर्व मुख्यमंत्री का बेटा है, जिसने चौथी बार अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा है । केवल एक राजनीतिक लाभ लेने के लिए, चन्द वोटों के लिए ये सब किया जा रहा है । खेल मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेट्री, सेक्रेट्री और मंत्री जो भी हैं, सब आँख मूंदकर बैठे हैं ।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है और माननीय प्रधानमंत्री जी से भी अनुरोध है कि जो भी इस तरह का गलत काम कर रहा है, उसके खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाए और एक हफ्ते से 10 दिनों के भीतर निर्णय होना चाहिए।